समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# हर शेयर पर मिलेगा एक फ्री बोनस शेयर, नेस्ले इंडिया के ऐलान से शेयरों मे आंई जबरदस्त तेजी।

Publisher Published on 26 Jun 2025




## नेस्ले इंडिया ने 1:1 रेशियो मे बोनस शेयर देने का ऐलान किया, डिविडेडं के साथ शेयरों मे दिखी 1% से अधिक की बढ़त।

**नेस्ले शेयर :** देश की जानी-मानी **एफएमसीजी कंपनी नेस्ले इंडिया (Nestle India)** ने अपने शेयरधारकों को बड़ा तोहफा दिया है। कंपनी ने 26 जून 2025 (गुरुवार) को बोर्ड मीटिंग के बाद **1:1 बोनस शेयर** देने की घोषणा की है। इस खबर के बाद कंपनी के शेयरों में भारी तेजी देखने को मिली।

गुरुवार को शेयर जहां **₹2422** पर खुले, वहीं **बोनस शेयर** की घोषणा के बाद यह **इंट्राडे** में बढ़कर **₹2444.65** तक पहुंच गया, जो कि करीब **1%** से ज्यादा की तेजी दर्शाता है।

**बोनस शेयर का फॉर्मूला : 1 शेयर पर मिलेगा 1 फ्री शेयर**
**नेस्ले इंडिया** ने **NSE** और **BSE** को दी गई जानकारी में कहा कि कंपनी के बोर्ड ने **1:1 रेशियो** में **बोनस इक्विटी शेयर** जारी करने की सिफारिश की है। यानी अगर किसी **शेयरधारक** के पास एक शेयर है, तो उसे एक **अतिरिक्त शेयर मुफ्त** में मिलेगा।

हालांकि, रिकॉर्ड डेट का ऐलान अभी नहीं किया गया है। कंपनी का कहना है कि उचित समय पर रिकॉर्ड डेट सार्वजनिक की जाएगी, ताकि यह तय किया जा सके कि किस दिन तक शेयर खरीदने वाले निवेशक इस बोनस का लाभ उठा सकेंगे।

**डिविडेडं की भी घोषणा**
**नेस्ले इंडिया** ने **मार्च 2025** तिमाही और पूरे **वित्तीय वर्ष** के परिणाम घोषित करते हुए साथ ही **₹10 प्रति शेयर डिविडेडं** की

सिफारिश भी की है। यह **डिविडेडं** और **बोनस** दोनों प्रस्ताव कंपनी के सदस्यों की मंजूरी के अधीन होंगे।

### बोनस शेयर का निवेशकों पर असर

१. **निवेशकों के पोर्टफोलियो मे शेयरों की संख्या बढ़ेगी, हालांकि प्रति शेयर कीमत मे एंडजस्टमेटं होगा**।

२. **यह कदम कंपनी मे निवेश को और अधिक आकर्षक बनाएगा**।

३. **छोटे निवेशकों को भी दीर्घकालिक लाभ मिलेगा**।

### नेस्ले इंडिया : भरोसे का ब्रांड

नेस्ले इंडिया भारत में **किटकैट, मैगी, मिल्कमेड, नेसकैफे** जैसे कई **पॉपुलर ब्रांड्स** का उत्पादन करती है और **एफएमसीजी सेक्टर** की सबसे भरोसेमंद कंपनियों में से एक मानी जाती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.